राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj1@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Lab. Assistant Prog./2024-25/392 दिनांक : July 2024

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय : राजकीय महाविद्यालयों में वर्ष 2022-23 में चयनित नवपदस्थापित प्रयोगशाला सहायकों हेतु एक दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाने की तैयारी बाबत्।

लेख है कि उच्च शिक्षा संवर्ग में प्रायोगिक विषयों में प्रयोगशाला सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राजकीय महाविद्यालयों में वर्ष 2022-23 में चयनित नवपदस्थापित प्रयोगशाला सहायकों को उनके संबंधित विषय क्षेत्र में कार्य क्षमता एवं ज्ञान संवर्द्धन हेतु एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाना है, ताकि महाविद्यालयों में प्रायोगिक कार्य व्यवस्था को सम्बलन मिल सके, और विद्यार्थियों को भी सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक ज्ञान सम्प्रेषण अपेक्षानुरुप करवाया जा सके।

राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत नवपदस्थापित प्रयोगशाला सहायकों हेतु अगस्त माह के प्रथम/द्वितीय सप्ताह में एक दिवसीय राज्य स्तरीय ऑफलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाया जाना है। जिसके अतंर्गत प्रयोगशाला सहायकों को कार्यों के प्रति जागरूक कर उपकरणों के संधारण, रख रखाव एवं नवीन उपकरणों के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि प्रयोगशाला सहायकों का विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम अनुरूप ज्ञान अद्यतन होने के साथ-साथ प्रायोगिक कक्षाओं का सुचारू संचालन हो सके।

RajKaj Ref
8965366

आयोजक महाविद्यालयों की विषयवार सूची

क्र. सं.	आयोजक महाविद्यालय का नाम	विषय
1.	राजकीय महाविद्यालय, अजमेर	प्राणी शास्त्र
2.	राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर	गृह विज्ञान
3.	राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर	रसायन शास्त्र
4.	जे.डी.बी. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा	वनस्पति शास्त्र
5.	जे.डी.बी. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा	भौतिक शास्त्र
6.	राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा	भूगोल

उपर्युक्त संबंध में निर्देशित किया जाता है कि :-

1. महाविद्यालयों में नवपदस्थापित प्रयोगशाला सहायकों को अगस्त माह के प्रथम/द्वितीय सप्ताह में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाना है।
2. एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के सुचारू एवं व्यवस्थित क्रियान्वयन हेतु आयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा आवंटित विषय में किसी एक संकाय सदस्य को समन्वयक नियुक्त कर उसका नाम एवं मोबाइल नम्बर आयुक्तालय के नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ की **ई-मेल** innovation.cceraj1@gmail.com पर दिनांक 17.07.2024 तक आवश्यक रूप से प्रेषित कर दी जावे। ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन हेतु संबंधित अधिकारी से समन्वय स्थापित किया जा सके।

RajKaj Ref
8965366

3. आयोजक महाविद्यालयों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां जैसे- प्रयोगशालाओं में उपलब्ध उपकरणों की सुचारू व्यवस्था, प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु कंटेन्ट तैयार करना, रिसॉर्स पर्सन की व्यवस्था एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां निश्चित समय से पूर्ण की जानी है ताकि निर्धारित समयावधि में प्रशिक्षण कार्यक्रम को विधिवत रूप से प्रारम्भ किया जा सके।
4. प्रशिक्षण कार्यक्रम में होने वाला व्यय विकास समिति या छात्र कोष निधि से किया जाना है।
5. प्रशिक्षण हेतु विषयवार प्रयोगशाला सहायकों की सूची एवं समय सारणी शीघ्र ही जारी कर दी जाएगी।

अतिरिक्त आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

पत्रांक : CCE/ISDC/Lab. Assistant Prog./2024-25/392 दिनांक : July 2024

प्रतिलिपी सूचनार्थ :

1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
3. वित्तीय सलाहकार, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
4. वैब प्रभारी आकाशि द्वारा वैब साइट पर अपलोड करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

RajKaj Ref
8965366

Document certified by AJAY ASWAL
<Ajayaswalcmu@gmail.com>.

Digitally Signed by Ajay Aswal
Designation : Additional Commissioner
Date :15-07-2024 05:48:10